(ग) यदि नहीं, तो कितने किसान शेष रह गए हैं और उन्हें कब तक मुआवजा राशि प्रदान कर दी जाएगी; और

(घ) क्या विस्थापित के पुनर्वास के लिए दी गई भूमि का समुचित विकास कर लिया गया है, यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं और यह कब तक कर लिया जाएगा?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) से (ग) मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 31.12.96 तक 26,495 किसानों को 154.59 करोड़ रुपये के मुआवजे का भुगतान किया गया है।

शेष जितने किसानों को मुआवजा दिया जाना है उनकी सही संख्या का पता नहीं लगाया गया है परन्तु शेष सभी किसानों को वर्ष 2002 तक मुआवजा देने का लक्ष्य रखा गया है।

(घ) जी, हां।

राढू सिंचाई परियोजना

2713. **श्री ज्ञान रंजन:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार के रांची जिले में राढू सिंचाई परियोजना एक बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उपरोक्त परियोजना का सर्वेक्षण कार्य सात वर्ष पहले ही पूरा कर लिया गया था जिससे 42 हजार 240 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी;

(ग) क्या यह भी सच है कि बिहार सरकार ने उक्त परियोजना को छह वर्ष पूर्व केन्द्रीय जल आयोग के पास स्वीकृति के लिए भेजा था; और

(घ) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार जनजाति क्षेत्र की इस परियोजना को कब तक स्वीकृति देगी और प्रारंभ करेगी और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) से (घ) केन्द्रीय जल आयोग में राढु सिंचाई परियोजना के नाम से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तथापि, 11,116 हेक्टेयर के कृष्य कमान क्षेत्र के लिए राढ़ सिंचाई परियोजना पर एक प्रस्ताव केन्द्रीय जल आयोग में सितम्बर, 1989 में प्राप्त हुआ था। जांच के बाद, परियोजना रिपोर्ट केन्द्रीय जल आयोग की टिप्पणियों की अनुपालना के लिए राज्य सरकार को लौटा दी गई थी। राज्य सरकार से संशोधित परियोजना रिपोर्ट प्राप्त होने की प्रतीक्षा है।

Polavaram Project

2714. SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY:
SHRI V. HANUMANTHA RAO:
SHRI K.M. SAIFULLAH:

Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) the progress made so far of the Polavaram Project in the Andhra Pradesh;

(b) the measures taken for early execution of the project; and

(c) the maximum storage capacity of the proposed Polavaram Project?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) to (c) The State Government of Andhra Pradesh is required to submit the modified Project Report of Polavaram Project for techno-economic appraisal after obtaining concurrence of the Governments of Madhya Pradesh and Orissa for submergence in their areas. The storage capacity of the proposed Polavaram Project is 5511 Million Cubic Metre (194.6 Thousand Million Cubic Feet) at full reservoir level of 45.72 Metre (150 feet).

Budget for Central Water Commission

2715. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) the budget for Central Water Commission for 1997-98;

(b) whether CWC works on a cost-benefit basis;

(c) whether CWC has developed any alternate flood control plan on the river Godavari in Andhra Pradesh; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI JANESHWAR